मद संख्या -15 (1)

विषय: वित्तीय वर्ष -1995-96 के आय-व्ययक प्रस्तावित बजट के अनुसार प्राधिकरण बजट स्वीकृति से पूर्व आगामी वित्तीय वर्ष- 1 अप्रैल-95 से 30-6-95 तक आवश्यक मदों में व्यय स्वीकृति का प्रस्ताव :-

कृपया शासन के पत्र संख्या-3883/9-आ-1-94/68बजट/94 दिनांक 27-10-94 एवं शासन के रेडियो ग्राम संख्या-4312/9-एए-1/94-68बजट/94 दिनांक 19-11-94 के क्रम में प्राधिकरण के आय-व्ययक कार्यपूर्ति दिग्दर्शक वर्ष-1995-96 तैयार कर शासन को प्रेषित किया जा चुका है । तदनुसार कार्यपूर्ति दिग्दर्शक प्रस्तावित आय-व्ययक विवरणानुसार आगामी वित्तीय वर्ष के आरम्भिक माहों दिनांक 1-अप्रैल, 1995 से 30-6-95 तक आवश्यक मदों में व्यय किया जाना वांछनीय है। अतः प्रस्तावित बजट के आधार पर निम्न मदों में व्यय स्वीकृति प्रस्तावित है:-

| | प्रस्तावित व्यय (लाख में) |
|---|---|
| **1- राजस्व व्यय** | |
| क- अधिष्ठान/कर्मचारियों के वेतनमान भत्ते | 9.00 |
| ख- कार्यालय प्रकीर्ण व्यय | 4.45 |
| ग- प्राधिकरण वाहनों पर व्यय पैट्रोल/मरम्मत | 0.30 |
| घ- अधिष्ठान/कर्मचारियों को भवन/वाहन अग्रिम | 2.66 |
| ड- विकास कार्यों पर व्यय | 6.50 |
| | 22.91 |
| **2- पूंजीगत व्यय** | |
| (अभियान्त्रण अनुभाग से संबंधित) | |
| क- भण्डार (सीमेन्ट) | 4.00 |
| ख- योजना में विकास/निर्माण कार्य | |
| 1- शिवलोक द्वितीय | 2.00 |
| 2- शिवलोक तृतीय | 4.00 |
| 3- हरिलोक योजना | 20.00 |
| ग- ऋणों का प्रतिदान | 8.00 |
| घ- ऋणों पर ब्याज | 5.00 |
| | 43.00 |

इस तरह कुल राजस्व व्यय 22.71 लाख तथा कुल पूंजीगत व्यय 43.00 लाख कुल व्यय 65.71 लाख,जो प्रस्तावित किया गया है औसत के आधार पर व्यय निकाला गया है। इसे वित्तिय वर्ष-1995-96 के प्राधिकरण बजट स्वीकृति की प्रत्याशा में प्राधिकरण हित को ध्यान में रखते हुए कुल व्यय- 65.71 लाख की स्वीकृति बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है । इन व्ययों को वर्ष-95-96 के बजट स्वीकृति से पूर्व प्रस्तावित आय-व्ययक आँकड़ो में सम्मिलित किये जायेंगे ।